हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 23.5 डिग्री

11 नरेंद्र कुमार माउंटेनियर ने माउंट अन्नपूर्णा...



11 बरवाला व उकलाना में सीएम फ्लाइंग ने की...



## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक बिश्नोई ने केन्द्रीय मंत्री को पत्र लिखा

**हिसार।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई ने केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर नियमों का उल्लंघन कर हरे-पेड़ों को काटने वाली सोलर कंपनियों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। केन्द्रीय मंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि देश में ऊर्जा के विकल्प के रूप में पिछले कुछ वर्षों से सोलर प्लांट लगाने का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। भव्य ने पत्र में कहा है कि सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकारें भी लोगों को प्रोत्साहित कर रही हैं।

### न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार 10 मई को हिसार एवं हांसी के न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जा रही हैं। यदि किसी व्यक्ति का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित है तो वह लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण करवा सकता है। इसी कड़ी में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, ऊर्जा मामले, पेंशन मामले, हाउस टैक्स सहित विभिन्न प्रकार के लंबित विवादों का आपसी सहमति से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### थ्रेसर पर चढ़ कर सरसों निकाल रहे व्यक्ति की मौत

**हांसी।** खरकड़ा गांव में थ्रेसर से सरसों निकाल रहे एक व्यक्ति की हृदयाघात से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान खरकड़ा निवासी 50 वर्षीय सुरेश के रूप में हुई है। सुरेश के साथ थ्रेसर पर काम कर रहे मजदूरों ने भी बताया कि वह मंगलवार देर शाम सुरेश थ्रेसर पर सरसों निकालते समय बिल्कुल ठीक था और मशीन पर आराम से काम कर रहा था कि काम करते करते वह अचानक ही जमीन पर गिर पड़ा। दोबारा से उठ नहीं पाया। जिसके बाद सुरेश को उपचार के लिए हांसी नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लिया।

## नगर निगम की पहली बजट बैठक बिना हंगामे के हुई संपन्न

# नगर निगम का 2025-26 के लिए 365 करोड़ का बजट ध्वनि मतों के साथ किया गया पास

**मीटिंग में 365 करोड़ का बजट हाउस के सामने रखा गया**

मेयर प्रवीण पोपली ने हाउस की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता ने हमें यहां अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजा है। उनकी भावनवाओं के अनुरूप कार्य करवाना हमारी जिम्मेवारी है। बजट चर्चा में मिले सुझाव के बाद हाउस को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि हर चीज का चालान सोल्यूशन नहीं है। पहले हमें जनता को समझाना होगा और उन्हें जागरूक करने होगा। अगर हम एकदम से चालान करेंगे तो जनता हमारे खिलाफ हो जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम के मुख्य सभागार में मंगलवार को मेयर प्रवीण पोपली की अध्यक्षता में पहली बजट मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में 365 करोड़ का बजट हाउस के सामने रखा गया, जिस पर हाउस ने चर्चा तथा निगम की आय बढ़ाने के कई सुझाव रखे। बाद में सभी पार्षदों ने ध्वनि मतों के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट के प्रस्ताव को पास करने का अनुमोदन किया। इस अवसर पर निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा सहित सभी अधिकारी एवं सभी पार्षद मौजूद रहे।

### मेयर पोली ने किया संबोधित

मेयर प्रवीण पोपली ने हाउस की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता ने हमें यहां अपना प्रतिनिधि चुनकर भेजा है। उनकी भावनवाओं के अनुरूप कार्य करवाना हमारी जिम्मेवारी है। बजट चर्चा में मिले सुझाव के बाद हाउस को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि एक चीज का चालान सेल्यूशन नहीं है। पहले हमें जनता को समझाना होगा और उन्हें जागरूक करने होगा। अगर हम एकदम से चालान करेंगे तो जनता हमारे खिलाफ हो जाएगी। शहर में बंदरों की संख्या को देखते बंदरों को पकड़ने के लिए इस बार बजट बढ़ाया गया है, जिसके परिणाम भी निकट भविष्य में दिखाई देंगे। इस दौरान मेयर पोपली ने पार्षदों से भी अपील की कि वे भी बंदर पकड़ने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। उनकी निगाह में बंदर पकड़ने वाले कोई एजेंसी है तो उसके बारे में प्रशासन को अवगत करवाएं।

### चालान का डर होगा तो नहीं फेंकेंगे इधर-उधर कचरा

वार्ड 3 से भाजपा पार्षद भीम महाजन ने सुझाव दिया कि जो भी लोग कूड़ा फेंकते हैं, उनके चालान किए जाए। चालान की राशि भी बढ़ाई जाए। चालान राशि का डर होगा तो कोई भी कूड़ा इधर-उधर नहीं फेंकेगा और निगम की आय भी बढेगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मैं सिंगापुर घूमने गया था। वहां चालान काटते हैं। इसलिए लोग गंदगी नहीं फैलाते। इसके अलावा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की फीस बढ़ाई जाए। शहर में पीजी रजिस्ट्रर्ड नहीं है और पीजी से ज्यादा कूड़ा निकलता है। उन पर गारबेज चार्ज अधिक वसूल कर निगम की आय बढ़ाई जा सकती है।

#### खास बातें

- हाउस की बैठक में पार्षदों ने निगम की आय बढ़ाने के लिए दिए कई सुझाव
- एकदम से चालान करेंगे तो जनता हमारे खिलाफ हो जाएगी : मेयर




#### फीस बढ़ाई जाएं

*वार्ड 17 से पार्षद राजेश अरोड़ा ने कहा कि निगम क्षेत्र में कम्यूनिटी सेंटर की फीस बढ़ाकर निगम की आय बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा प्रॉपर्टी टैक्स घर-घर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। जब प्रॉपर्टी टैक्स हाथ में होगा तो संपति का मालिक टैक्स भरने में अधिक रूचि लेगा। मेरा मानना है कि निगम में वहीं लोग प्रॉपर्टी टैक्स भरने आते हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति आगे बेचनी होती है। उन्होंने कहा कि शहर में खंभे लगाने वाले मोबाइल कंपनी से भी निगम को फीस वसूलनी चाहिए। उन्होंने निगम अधिकारियों से विकास शुल्क भी सार्वजानिक किए जाने की वकालत की।*

#### सभी पार्षद रहे उपस्थित

*बजट बैठक में वार्ड 1 से सरोज जैन, वार्ड 2 से मोहित नरेश सिंघल, वार्ड 3 ज्योति वर्मा, वार्ड 4 हरि सिंह सैनी, वार्ड 5 से भीम महाजन, वार्ड 6 से उषा, वार्ड 7 से मनोहर लाल वर्मा, वार्ड 8 से रवि सैनी, वार्ड 9 से शीला देवी, वार्ड 10 से साक्षी बीजड़, वार्ड 11 से नरेश ग्रेवाल, वार्ड 12 से जगमोहन मित्तल, वार्ड 13 से संजय डालमिया, वार्ड 14 से डॉ. सुमन यादव, वार्ड 15 से संतोष सैनी, वार्ड 16 से राजेंद्र बिड़लान, वार्ड 17 से राजेश अरोड़ा, वार्ड 18 से गुलाब सिंह, वार्ड 19 से सत्यवान पानू और वार्ड 20 से नवीन कुमार उपस्थित रहे।*

### बजट को देखकर लोग जवाब मांगेंगे

बजट पर चर्चा करते हुए वार्ड 7 से पार्षद मनोहर लाल ने कहा कि नगर निगम का भारी भरकम बजट देखकर लोग जवाब मांगेंगे और कहेंगे कि पार्षद महोदय निगम का इतना बजट है, फिर भी आपने वार्ड क्या किया। उन्होंने पीजी के मुद्दे पर पार्षद भीम महाजन की बात समर्थन भी किया।

#### पोल लगाने वाली मोबाइल कंपनियां पर लगाया जाए जुर्माना

*वार्ड 12 से पार्षद जगमोहन मित्तल ने निगम की आय बढ़ाने के लिए सुझाव देते हुए कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स से 25 करोड़ की इनकम का टारगेट बढ़ाना चाहिए। रोड कट के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया। यह भी होना चाहिए। मोबाइल कंपनियों ने निगम की जमीन पर अपने पोल लगाए हुए हैं, उनसे भी निर्धारित फीस या जुर्माना वसूल कर निगम की आय बढ़ाई जा सकती है। कुत्ते पालने पर रजिस्ट्रेशन करवाया जाए और फीस वसूली की जाए। स्लाटर हाउस को शुरू करवाने से भी निगम की आय का स्रोत बढ़ेगा।*

#### बंदर लाओ 1 हजार ले जाओ

*वार्ड 19 से कांग्रेस पार्षद सत्यवान पानू ने कहा कि शहर में बंदरों की भरमार है और बंदर पकड़े नहीं जा रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि निगम को स्कीम बनाने चाहिए बंदर लाओ और एक हजार रुपये ले जाओ। इससे शहर बंदरों से भी मुक्त हो जाएगा और बंदर पकड़ने के लिए एजेंसी नहीं मिलने जैसी दिक्कत भी नहीं रहेगी। इसके अलावा उन्होंने मांग की कि आजाद नगर एरिया में रजिस्ट्री शुरू करवाई जाएं। हाउस टैक्स का रिकॉर्ड दुरुस्त किया जाए। हमारा वार्ड सबसे ज्यादा अविकसित वार्ड है। इस वार्ड में सभी अधिकारी सहयोग करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की सुविधा न हो। प्रॉपर्टी टैक्स में सरलीकरण करके भी आमदनी बढ़ाई जा सकती है।*

#### 145 करोड़ और कुल 365 करोड रुपये का बजट पास किया

*हमने पिछले बजट को बढ़ाकर इनकम का टारगेट लगभग 248 करोड़ व पिछला बकाया लगभग 145 करोड़ और कुल 365 करोड रुपये का बजट पास किया हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी चाहते है कि नगर निगम की आय बढ़े। अगली मीटिंग में नगर निगम की आय बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा भी की जाएगी। बेसहारा पशुओं को पकडने का कार्य निरंतर जारी है और बंदरों की समस्या का भी जल्द समाधान किया जाएगा। प्रवीण पोपली, मेयर*

## धोखाधडी से नकली नोटों का बैग देकर 50 हजार छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**आरोपियों से चिल्ड्रन बैंक के 10 लाख के नोट बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईए टीम ने धोखाधड़ी से नकली नोटों का बैग देकर 50 हजार रुपये छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पीरावली निवासी जागीर सिंह और सतनाम शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से चिल्ड्रन बैंक के 10 लाख के नोट बरामद किए हैं।

सीआईए इंचार्ज उप निरीक्षक कर्ण सिंह ने बुधवार को बताया कि पुलिस को मंगलवार देर रात सिरसा रोड पर झीड़ी पुल के पास गाड़ियों की आपस में टक्कर होने और रुपये की छीना झपटी होने के बारे सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम को पंजाब के लुधियाना जिले के मलापुर निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ साहिल ने शिकायत दी कि दो दिन पहले सतनाम नामक व्यक्ति से उसकी व्हाट्सएप के जरिए बात हुई। इसमें सतनाम ने बताया कि उसके पास असली के दिखने वाले बहुत से नकली रुपये हैं, जितने रुपये वह उसे देगा उसके बदले उसे 10 गुना रुपये दे सकता है जो बाजार में असली के जैसे चलते है। साथ ही व्हाट्सएप पर पैसे की वीडियो दिखाकर उसे हिसार आने के लिए कहा। इस पर शिकायतकर्ता अपने दोस्त के साथ 50 हजार रुपये लेकर मंगलवार शाम को सिरसा रोड झिड़ी पुल के पास पहुंचा और सतनाम को फोन किया तो उसने उन्हें वहीं इंतजार करने को कहा। कुछ समय बाद एक गाड़ी में एक व्यक्ति आया और अपने आप को सतनाम बताया। उसने कहा कि उसके पास 5 लाख रुपये है। शिकायतकर्ता द्वारा 50 हजार रुपये दिखाने पर सतनाम ने उसे बैग में नोटों की गड्डियां दिखाई। शिकायतकर्ता को शक होने पर उसने रुपये चेक करवाने के लिए कहा। इस पर सतनाम के साथ गाड़ी में आया दूसरा व्यक्ति उतरा और उनके पास आया। इसी दौरान सतनाम शिकायतकर्ता के हाथ से 50 हजार रुपये का बैग छीनकर गाड़ी में सवार हो शिकायतकर्ता की गाड़ी को टक्कर मारते हुए वहां से भाग गया।



हिसार। सीआईए टीम द्वारा पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

## संयम व उदयंती ने गोल्ड जीतकर बढ़ाया होली चाइल्ड स्कूल का मान

**विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने नए शैक्षणिक सत्र 2025 की शुरुआत रचनात्मक उत्साह और उपलब्धियों के साथ की। सत्रारंभ के अवसर पर आयोजित एक विशेष समारोह में इंटरनेशनल साइबर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थी संयम और उदयंती ने साइबर ओलंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर न सिर्फ अपने माता-पिता व शिक्षकों का गौरव बढ़ाया, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया। दोनों विद्यार्थियों को प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल द्वारा प्रशंस्ति पत्र एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया। सिंधु ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को तकनीकी और रचनात्मक मंच प्रदान किया जाता है, जिससे वे 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि संयम और उदयंती की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



हिसार। इंटरनेशनल साइबर ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

## दीवार को लेकर चाचा-भतीजों में चले ईट-पत्थर, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

निकटवर्ती गांव पुट्टी मंगल खां में बुधवार को मकान की दीवार को लेकर चाचा भतीजों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर लोहे की रॉड और ईंटों से हमला कर घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। झगडे में घायल लोगों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन पुठी मंगल खां निवासी बलवान ने बताया कि उसके दिवंगत भाई कृष्ण के बेटे विनोद और रोहतास मकान बना रहे हैं। और उनकी दोनों मकानों के बीच की दीवार सांझी है। इसमें दोनों बराबर के हिस्सेदार हैं। बुधवार को मकान बनाते समय दीवार गिरा दी गई और गांव के पंचायती लोगों ने आकर यह समझाया कि यह दीवार दोनों की सांझी है।

## दादा काला पीर मठ के विवाद को लेकर धारा 144 लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव कोथ कलां में दादा काला पीर मठ के महंत को हटाने को लेकर गांव में तनाव बना हुआ है। बुधवार को ग्रामीणों व पुलिस प्रशासन में तीखी बहस भी हुई। डीएसपी ने ग्रामीणों से कहा कि जिला उपायुक्त के आदेश है कि गांव में धारा 144 लागू है। कोई भी व्यक्ति इकट्ठे होकर धरना प्रदर्शन नहीं कर सकते। उसके बाद गांव की कमेटी ने एसडीएम से मुलाकात कर 10 दिन का समय देते हुए कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो ग्रामीण गांव में ही धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। गांव कोथ कलां में पिछले काफी दिनों से डेरे के महंत शुक्राई नाथ योगी को हटाने को लेकर ग्रामीण एकजुट होकर उनके खिलाफ मुहिम चलाए हुए हैं। ग्रामीण सुरेश कोथ, अनिल सरपंच, कृष्ण फौजी, पाल नंबरदार, आनंद, मास्टर हरकेश आदि ने बताया कि डेरे में महंत शुक्राई नाथ गलत कार्य कर रहा हैं। डेरे के पैसे का दुरुपयोग करके पैसों की बर्बादी की जा रही है। उनका व्यवहार भी अच्छा नहीं है। इसी को लेकर जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत कर चुके हैं कि वह डेरे को अपने अंडर लेकर जब तक नया महंत इस गद्दी पर नहीं बैठता तब तक इसका हिसाब किताब प्रशासन रखें।



नारनौंद : ग्रामीण व डीएसपी राज सिंह आपस में बातचीत करते हुए।

## कुलदीप की हत्या मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर थाना पुलिस ने शास्त्री नगर निवासी कुलदीप की हत्या मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शास्त्री नगर निवासी अंकित और हांसी क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी अभिषेक उर्फ अभी उर्फ कीड़ा शामिल है। मामले में जांच अधिकारी उप निरीक्षक मेहनपाल ने बताया कि उक्त दोनों आरोपी अंकित और अभिषेक उर्फ अभी उर्फ कीड़ा, मृतक कुलदीप और उसके भाई को ईंटों से चोटे मारने की वारदात में शामिल थे जिस कारण 17 मार्च को इलाज के दौरान कुलदीप की मृत्यु हो गई। इस मामले में पहले दो आरोपियों सुंदर व शिवराज उर्फ कालू गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले के अनुसार इस संबंध में शास्त्री नगर निवासी सुरेश ने लड़ाई झगड़े में चोटें मारने के बारे में शिकायत दी थी।

## मलिक टोयोटा ने लॉन्च किया नया टी-ग्लॉस स्टूडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मलिक टोयोटा ने अपने हिसार शोरूम पर नए टी ग्लॉस स्टूडियो का उद्घाटन किया जिसमें टोयोटा ग्राहक अपनी गाड़ी के सौन्दर्यकरण की विभिन्न सेवाओं का लाभ एक ही छत के नीचे ले सकेंगे। नए टी ग्लॉस स्टूडियो का उद्घाटन करते हुए मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक ने बताया कि टी ग्लॉस टोयोटा द्वारा निर्मित कार डीटेलिंग कान्सेप्ट है जिसमें टोयोटा ग्राहकों को अपनी गाड़ी के सौन्दर्यकरण और रखरखाव की विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इसमें सेरामिक कोटिंग, अन्डर बॉडी कोटिंग, साइलेंसर कोटिंग, इन्टर्नल पैनल कोटिंग, रैट रेपलेन्ट, एक्सटीरियर व इन्टीरीअर बियूटीफीकेशन, यू वी प्रोटेक्शन, हेड लैम्प रीस्टोरेशन, अलॉइ व्हील पोलिश, प्लास्टिक केयर, विंडशील्ड पोलिश, लोगो क्लीनिंग, सनरुफ ट्रीट्मेन्ट, एसी डक्ट क्लीनिंग, मैक केयर आदि मौजूद हैं।




## कार्यक्रम

**आर्मी मेडिकल कोर बेहतरीन भविष्य विकल्प : कर्नल शंकर रमन**

## चिकित्सक के साथ भारतीय सैनिक होना गौरव की अनुभूति : डॉ. वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा व आर्मी मेडिकल कोर के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल के विद्यार्थियों के लिए चिकित्सक के तौर पर भारतीय सेना में भविष्य पर व्याख्यान व चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का आयोजन टेकचंद सभागार में किया] जिसमें 300 के लगभग एमबीबीएस, नर्सिंग व पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद लैफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स ने आर्मी मेडिकल कौर में बिताए अपने दिनों को याद किया व अपने जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों व उपस्थित अतिथियों के साथ साझा किया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना विश्व की सबसे बड़ी सेनाओं में से एक है और एक सैनिक के तौर पर अपने आप को देखना बेहद गौरव की अनुभूति कराता है। सत्र में मुख्य वक्ता के तौर पर कर्नल वी शंकर रमन द्वारा मेडिकल विद्यार्थियों को आर्मी मेडिकल कौर में भर्ती प्रक्रिया से लेकर पदोन्नति व मिलने वाले अन्य लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सत्र के अंत में पैनलिस्ट के तौर पर मौजूद मेजर पंकज सिंह, मेजर संचित व मेजर नेहा द्वारा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर दिया व उनकी शंकाओं का उचित समाधान भी किया। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा व निदेशक प्रशासन डॉ आशुतोष शर्मा द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।



हिसार। स्मृति चिन्ह देते पूर्व सांसद लैफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स।



डॉक्टर्स सजेशन


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


## जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलते यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहे। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटीशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस


डॉ. विनय गोयल

चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी

मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम


इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

### रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारण:** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसंस से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोट:** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसंस की समस्या हो सकती है।

**लकवा:** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

### प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।
- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।

स्पेशल: वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ



### ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंट:** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमी:** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।



**डीप ब्रेन स्टिमुलेशन:** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।

**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट:** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है। पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी:** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथ:** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।

**फैक्ट:** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।

**मिथ:** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।

**फैक्ट:** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।

**मिथ:** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।

**फैक्ट:** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।



**मिथ:** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।

**फैक्ट:** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।

**मिथ:** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।

**फैक्ट:** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।

**मिथ:** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।

**फैक्ट:** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।

**मिथ:** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।

**फैक्ट:** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

हर्बल जोन / रेखा देशराज

## भरपूर बलवर्धक विदारीकंद



आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड़जू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *

डाइट सजेशन

विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

## ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट



आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानी:** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटर:** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोट:** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फल:** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।

**इनसे करें परहेज:** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

## लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप



हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेस:** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'

इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवर:** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।



**महिलाओं का स्वास्थ्य:** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटी:** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर का हनुमान जयंती महोत्सव 12 से

**हिसार।** सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट का 69वां वार्षिक हनुमान जयंती महोत्सव 12 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव संयोजक शिव कुमार मित्तल एडवोकेट ने बताया कि इस दिन सायं 5 बजे मंदिर प्रांगण से हनुमानजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंचेगी।

### दयानंद कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के वाणिज्य विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मोनिका कक्कड़ ने किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता विद्यार्थियों के शैक्षणिक अध्ययन को मजबूत करती हैं तथा उनके आत्म विश्वास को बढावा देती हैं। वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ. रेनू राठी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में मूल्यवान कौशल विकसित होते हैं।

### हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर यूपीएचसी की लैब तकनीशियन नीलम एवं स्टाफ नर्स मूर्ति के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में डॉ. मोनिका बांगा, एएमओ, यूपीएचसी, हिसार तथा योग विशेषज्ञ डॉ. पूजा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण और योग के महत्व पर जानकारी दी।

### करियर संवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा 'स्वयं मूक्स और करियर संवर्धन में उनकी महत्ता' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्रो. संदीप कुमार आर्य रहे। मुख्य वक्ता एवं संसाधन व्यक्ति के रूप में उपस्थित स्वयं के कोऑर्डिनेटर डॉ. विवेक गुप्ता ने मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सिज) की उपयोगिता, प्रमाणन, तथा रोजगार की दृष्टि से इनकी भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी।

### एनएबीएच संवेदनशीलता कार्यशाला आयोजित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की ओर से एमबीए हेल्थकेयर विद्यार्थियों के लिए दो दिवसीय एनएबीएच संवेदनशीलता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जनरल मैनेजर-प्रशासन एवं गुणवत्ता आश्वासन नमन जैन ने छह सत्रों के माध्यम से अपनी विस्तृत जानकारी साझा की। और छात्रों को करियर संबंधी टिप्स दिए।

# बरवाला व उकलाना में सीएम फ्लाइंग ने की धर्मकाटों पर छापेमारी

**खास बातें**
- कार्रवाई से धर्मकाटा संचालकों में मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला/उकलाना


**बरवाला।** धर्म कांटे की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना और मापतोल एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

सीएम फ्लाइंग टीम ने बरवाला शहर में तीन धर्मकांटों पर अचानक रेड की। इस कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग टीम की इंचार्ज डॉक्टर सुनैना ने किया, जिसमें मापतोल विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे। टीम इंचार्ज डॉ. सुनैना और मापतोल विभाग के इंस्पेक्टर जयपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश हैं कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की हेराफेरी न हो, और उनकी फसलों का सही वजन किया जाए। उन्होंने बताया कि गेहूं और सरसों की फसल की आवक अनाज मंडी में शुरू हो चुकी है, जिसके कारण धर्मकांटों पर किसानों की फसलों का वजन किया जा रहा है। हालांकि, अब तक किसी भी धर्मकांटे में तुलाई में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में किसी धर्मकांटे में गड़बड़ी या हेराफेरी की शिकायत मिलती है, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी सुभाष चन्द्र, मनोज कुमार भार्गव और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उधर, उकलाना में मुख्यमंत्री उड़नदस्ता ने मार्केट कमेटी उकलाना के अंतर्गत ठेके पर दिए गए धर्म कांटे तथा गोपाल धर्म कांटे पर रेड करके उनका निरीक्षण किया। दोनों कांटे सही पाए गए। यह जांच मुख्यमंत्री उड़न दस्ता टीम की इंचार्ज में नापतोल विभाग के निरीक्षक जयपाल सिंह अतिरिक्त खाद्य आपूर्ति अधिकारी चंद्र मोहन सुरेंद्र कुमार सहित अधिकारियों ने की।

## विश्व की ऊंची चोटी पर चमका हिसार का नाम, मिल रहा हर तरफ से सम्मान

# उपलब्धि: नरेंद्र कुमार माउंटेनियर ने माउंट अन्नपूर्णा को किया फतह

विश्व की सबसे खतरनाक पर्वत श्रृंखलाओं में से एक माउंट अन्नपूर्णा (8091 मीटर) पर चढ़ाई कर तिरंगा फहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के मिंगनी खेड़ा गांव के नरेंद्र कुमार ने विश्व की सबसे खतरनाक पर्वत श्रृंखलाओं में से एक माउंट अन्नपूर्णा (8091 मीटर) पर चढ़ाई कर तिरंगा फहराया। यह पर्वत नेपाल में है और इसे पर्वतारोहण की दृष्टि से अत्यंत चुनौतीपूर्ण माना जाता है। यह विश्व के 10 सबसे ऊंचे पर्वतों में से एक है। नरेंद्र की इस उपलब्धि से जिले की नहीं पूरे भारत का नाम दुनिया में ऊंचा हुआ है।

### मात्र 12 दिन में पार की पहाड़ की चुनौती

नरेंद्र ने इस साहसिक अभियान की शुरुआत 25 मार्च 2025 को भारत से की और मात्र 12 दिन में ही 7 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे माउंट अन्नपूर्णा की चोटी पर तिरंगा लहराकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह पर्वत अत्यधिक ठंडा, तूफानों से घिरा और एवलांच-प्रवण क्षेत्र माना जाता है, जहां चढ़ाई करना जीवन को दांव पर लगाने जैसा होता है। इसके बावजूद नरेंद्र ने अपने अदम्य साहस और कठिन परिश्रम से यह सफलता प्राप्त की।


**हिसार।** माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा फहराता गांव मिंगनीखेड़ा का नरेंद्र।

#### 2019 में मनाली से किया था कोर्स

नरेंद्र ने माउंटेनियरिंग की शुरुआत 2019 में अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट, मनाली से बेसिक कोर्स करके की और फिर 2021 में हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट, दार्जिलिंग से एडवांस कोर्स पूरा किया। नरेंद्र कुमार के पिता सुभाष चंद्र एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर के पद से रिटायर हुए हैं। उनकी मां गृहिणी हैं और दो बड़े भाई भी हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा गांव लुदास के लॉर्ड शिवा हाई स्कूल से और बीटेक की पढ़ाई गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नरेंद्र कुमार को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने माउंट अन्नपूर्णा पर तिरंगा फहराकर देश को गौरवान्वित किया है।

#### नरेंद्र का यह है लक्ष्य

नरेंद्र का अगला लक्ष्य विश्व की 14 सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है। वे युवाओं को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उनमें करियर बनाने की प्रेरणा भरते हैं। नरेंद्र कुमार आज के युवाओं के लिए एक जीवंत प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं।

#### देश-दुनिया की कई चोटी कर चुके हैं फतेह

यह कोई पहली बार नहीं है जब नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण में देश का नाम ऊंचा किया हो। इससे पहले उन्होंने 2022 में माउंट ल्होत्से (दुनिया की चौथी सबसे ऊंची चोटी) पर 16 मई को तिरंगा फहराया था। इसके अलावा, अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो पर मात्र 5 दिनों में दो बार चढ़कर एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। भारत में भी उन्होंने माउंट फ्रेंडशिप, माउंट बीसी रॉय और 15 अगस्त 2021 को हिमाचल प्रदेश स्थित माउंट यूनम पीक (6111 मीटर) पर 151 फीट लंबा तिरंगा फहराकर आजादी के 75वें वर्ष का अनूठा जश्न मनाया था।

# बिजली निगम ने अपने नाम किया खिताब


**हिसार।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक/परिचालन केसी अग्रवाल व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

- तीन दिवसीय 12वीं इंटर पावर यूटीलिटी स्पोर्ट्स मीट 2024-25 में दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विद्युत नगर स्थित खेल प्रांगण हिसार में हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की मेजबानी में सम्पन्न हुई तीन दिवसीय 12वीं इंटर पावर यूटीलिटी स्पोर्ट्स मीट 2024-25 में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने ओवरऑल चैंपियनशीप का खिताब अपने नाम किया। विद्युत नगर खेल प्रांगण में इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक/परिचालन केसी अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्य अभियंता चंदन सिंह शामिल हुए। समापन समारोह के अवसर पर केसी अग्रवाल और चंदन सिंह ने विजेताओं में ईनाम वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि केसी अग्रवाल ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम खेलकूद समिति को विशेष तौर पर बधाई देते हुए कहा कि पिछले तीन दिनों से हमने केवल गेम ही नहीं देखी, बल्कि समपर्ण, टीम भावना और खेल कौशल का अद्भुत प्रदर्शन भी अनुभव किया। हरियाणा की चार प्रमुख पावर यूटीलिटीज से 450 से अधिक कर्मचारियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ एथलेटिक्स, कबड्डी, बैडमिंटन, फुटबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया, जो हमारे पावर सेक्टर के कर्मचारियों की शक्ति, अनुशासन और फिटनेस को दर्शाता है। विशिष्ट अतिथि चंदन सिंह ने अपने खेल अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि प्रत्येक कर्मचारी और अधिकारी को अपने जीवन में खेल को जरूर अपनाना चाहिए। इस अवसर पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के निदेशक/परिचालन विपिन गुप्ता, सीएफओ सुशीला बालोदिया, अधीक्षक अभियंता राजेद्र सभरवाल, एसएस कंटूरा, ए आदि मौजूद रहे।

## दयानंद कॉलेज में डॉ. आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी


**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्टाफ सदस्य।

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के इतिहास, राजनीतिक शास्त्र विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती के उपलक्ष में विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के प्रारंभ में डॉ. आंबेडकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि की गई। औपचारिक स्वागत कार्यक्रम के उपरांत कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मोनिका कक्कड़ ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर एसके चहल, अधिष्ठाता सामाजिक विज्ञान संकाय एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का स्वागत किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर एसके चहल ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर आंबेडकर के जीवन दर्शन व संघर्ष के बारे में विस्तार से बताया। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह ने भी डॉ. आंबेडकर के कार्यों व उपलब्धियों को सांझा किया। राजनीतिक शास्त्र की प्रभारी डॉ. शम्मी नागपाल ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे।

# जर्मनी में प्रशिक्षण के लिए हुआ एचएयू की छात्रा रक्षा जैन का चयन, दी बधाई

- प्रशिक्षण के दौरान खर्चा भी संबंधित संस्थान द्वारा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ चयनित छात्रा व अधिकारी।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की छात्रा रक्षा जैन का तीन महीनें के प्री-डॉक्टरल प्रशिक्षण के लिए मैक्स प्लेंक इंस्टीटयूट ऑफ टेरेस्ट्रीयल माइक्रोबायोलॉजी, जर्मनी में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने बताया कि रक्षा जैन का चयन प्री-डॉक्टरल तीन महीने के प्रशिक्षण के लिए मैक्स प्लेंक इंस्टीटयूट ऑफ टेरेस्ट्रीयल माइक्रोबायोलॉजी, जर्मनी में हुआ है जिसका विषय 'मॉलेक्युलर रिस्पांस आफ ऑक्सिजनिक फोटोट्रॉप्स टू हाई आर्सेनिक एक्स्पोजर' होगा। प्रशिक्षण के दौरान खर्चा भी संबंधित संस्थान द्वारा उठाया जाएगा, जिसमें हर महीने छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। छात्रा रक्षा जैन का दाखिला पीएचडी के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में भी हुआ है। छात्रा ने अपनी स्नातकोत्तर की पढ़ाई सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में सहायक वैज्ञानिक डॉ. अजय जांगड़ा के मार्गदर्शन में की है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सैल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा व सहायक वैज्ञानिक डॉ. अनुज राणा उपस्थित रहे।

# गुजवि में हुआ अवेयरनेस-कम-रजिस्ट्रेशन ड्राइव कार्यक्रम


**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

- ककार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'रक्त स्टेम सेल दाता रजिस्ट्री' विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से एवं दात्री रक्त स्टेम सेल दाता रजिस्ट्री के सहयोग से अवेयरनेस-कम-रजिस्ट्रेशन ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. योगेश मल्होत्रा रहे जबकि उनके साथ उनके सहयोगी डॉ. प्रमोद रहे। डॉ. योगेश मल्होत्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एवं दात्री के इस जागरूकता कार्यक्रम से रक्त स्टेम सेल दान के बारे में जागरूकता बढ़ेगी और यह कार्यक्रम कई प्रकार के रोग जैसे की रक्त कैंसर और आनुवंशिक विकारों वाले रोगियों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. अंजू गुप्ता ने की।

रक्त स्टेम सेल दान के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर के दौरान स्टेम सेल दान के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित किया गया, आम मिथकों और आशंकाओं को दूर किया गया और एचएलए सेम्पलिंग द्वारा डोनर रजिस्ट्री के साथ मौके पर ही 80 स्वयंसेवकों व स्टाफ का सफल पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विकास, डॉ. विनीता, डॉ. कल्पना, डॉ. सुनीता, डॉ. ललित, दलबीर व नरेश आदि उपस्थित रहे।

### हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति ने दिया सांकेतिक धरना

**हांसी।** हांसी को जिला बनाने की मांग तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हांसी की जनता से किए गए वादे को याद दिलाने को लेकर हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति ने बुधवार समिति अध्यक्ष रामनिवास फौजी के नेतृत्व में तिकोना पार्क में एक दिन का सांकेतिक धरना दिया। इस अवसर पर हांसी जिला बनाओ संघर्ष के अध्यक्ष रामनिवास फौजी ने एक धरने को संबोधित करते हुए कहा कि हांसी की जनता ने भाजपा का विधायक बनाया और नायब सिंह सैनी भी दोबारा मुख्यमंत्री बने लेकिन हांसी को अब तक जिला नहीं बनाया जबकि नायब सिंह सैनी को दोबारा मुख्यमंत्री बने हुए 6 महीनो से भी ज्यादा वक्त हो गया है। इस अवसर पर ओपी मुंजाल, धर्म सिंह, फतेह सिंह गुजर,, मास्टर देशराज वर्मा, होशियार सिंह, कृष्ण इलावादी, समां मल्होत्रा, सेवा सिंह, तेलूराम, शमी छाजूराम शर्मा, डॉ खुशीराम, विजय कुमार, विजय विश्नोई, रमेश भुटानी आदि मौजूद थे।

### राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**उकलाना।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड कार्यकारिणी उकलाना की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने उप प्रधान सुभाष पातड़ के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर पूनिया को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से निदेशक, मौलिक शिक्षा, हरियाणा को प्राथमिक शिक्षकों की अनेक लंबित मांगों को लेकर अवगत करवाया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उठाए मुद्दों में जेबीटी टीचर्स का तबादला ड्राइव चलाना, पुरानी पेंशन बहाल करना, एसीपी केसों में 50 फीसद की शर्त हटाना जैसी 20 मांगों को विस्तारपूर्वक उठाया गया। इस अवसर पर सचिव धर्म सिंह, संगठन सचिव अतुल शर्मा, सुशील कुमार, पवन कुमार, रामकुमार, कृष्ण कुमार सहित कई अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस-20 बैच के छात्रों ने किया यूनिवर्सिटी टॉप, किया सम्मानित

- शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में देश भर में अग्रणी है अग्रोहा मेडिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला शिवम। *फोटो :हरिभूमि*

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने पंडित भगवत दयाल शर्मा विश्वविद्यालय, रोहतक की एमबीबीएस फ़ाइनल बैच की परीक्षा में यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया है। महाविद्यालय के छात्र शिवम पुत्र राजकुमार निवासी सिवानी ने हरियाणा के सभी महाविद्यालयों को पछाड़कर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर अग्रोहा मेडिकल को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन साइंटिफिक रिसर्च सोसायटी की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश में अपना अलग स्थान बना चुका है। महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा ने टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज के विद्यार्थी पूरी लगन से मेहनत कर हम सबका सिर गर्व से ऊंचा कर रहे हैं और हर रोज नई उपल्बधि हासिल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छात्र शिवम ने हर सेमेस्टर टॉप किया है और पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भी शिवम ने कई पदक हासिल किए हैं।

## एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग संपन्न हुआ शिविर

- राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर के एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी आदमपुर



**हिसार।** सांस्कृतिक कार्यक्रम करते स्वयंसेवक। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय बहुतकनीकी मंडी आदमपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव सीसवाल ढाणी में एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के तौर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों सहित संस्थान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन करके और पद्मिनी ताल के लोकार्पण से हुआ। शिविर के अंतिम दिन संस्थान परिसर की बालिका वाटिका में राष्ट्रीय पुष्प कमल को समर्पित 'पद्मिनी ताल', जिसे स्वयंसेवकों ने कलात्मक आकृतियों से सजाकर पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक सौंदर्य का जीवंत प्रतीक बना दिया। कार्यक्रम के शुरुआत में धूम मची हरियाणा की धमाकेदार प्रस्तुति ने सब में जोश का संचार किया। एनएसएस अधिकारी राकेश शर्मा ने शिविर की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि, "ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी सामाजिक सरोकारों से जुड़ते हैं और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते हैं।" एनएसएस सह संयोजक मनोज गोस्वामी ने बताया कि समापन अवसर पर संस्थान में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी गीतों एवं नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## खबर संक्षेप

### नलवा भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में नलवा विधानसभा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ रही जबकि नलवा विधानसभा के संयोजक एवं विधायक रणधीर पनिहार, पार्टी नेता प्रवीन जैन एवं सरोज सिहाग ने आए हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। सभी ने अपने-अपने विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### ईर्ष्या विवेक की सबसे बड़ी शत्रु : उपेन्द्र मुनि

**हिसार।** ईर्ष्या विवेक की सबसे बड़ी शत्रु है। गुणों से भरे होने के बावजूद दोषों को ही देखते रहना ही ईर्ष्या है। ईर्ष्या को एक काले और जहरीले नाग की संज्ञा दी जो समस्त वातावरण में अपनी विषैली गैस छोड़कर सदाबहार मौसम को भी पतझड़ में बदल देती है। ये बातें जैन संत शांतश्री उपेन्द्रमुनि ने अपने प्रवास के दौरान प्रीति नगर में जिंदल ज्ञान केंद्र के सामने आशीष जैन अधिवक्ता के निवास पर प्रवचन करते हुए कही।

### खेत के पास पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग

**हांसी।** खरड़ रोड़ स्थित भाटिया कॉलोनी स्थित बीएस स्पिनिंग मिल के सामने पड़े कूड़े ढेर में बुधवार दोपहर बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। इससे कूड़े के ढेर के पास में खड़ी गेहूं की फसल को खतरा पैदा हो गया। गनीमत रही कि समय रहते खेत के हिस्सेदार को पता चल गया और उसने स्वयं व अन्य लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। यह जानकारी देते हुए खेत के हिस्सेदार जग्गा ने बताया कि उनकी कई एकड़ में गेहूं की तैयार फसल खड़ी है। बुधवार को वह खेत में सो रहा था कि इसी दौरान एक बकरी चराने वाले व्यक्ति ने उन्हें खेत के पास आग लगने की सूचना दी।

### आरोपियों से नकदी फोन व बाइक बरामद

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने हिसार-चिकनवास रोड पर पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल सवार युवक के साथ मारपीट कर नकदी लूटने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें किरमारा निवासी प्रदीप उर्फ दीप व अजय उर्फ जोनी, कुलेरी निवासी सतपाल उर्फ टेपा और पीरांवाली निवासी रवि सिंह व मंगत सिंह उर्फ मंगू के रूप में हुई। जांच अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में अग्रोहा थाना में हिसार की महावीर कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ने 6 अप्रैल की रात में हिसार-चिकनवास रोड पर पेट्रोल पंप के पास तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों द्वारा उसके साथ मारपीट कर नकदी लूटने के बारे में शिकायत दी थी। वह 6 की रात में बाइक से हिसार से चिकनवास आ रहा था कि पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक आए और कहने लगे कि एक को बैठा लो, हम भी चिकनवास जा रहे है। इस पर एक बैठा लिया। तीनों ने मारपीट कर पैसे लूट लिए।

### गांजा सप्लाई करने वाले तस्करों को लिया वारंट पर

**हांसी।** एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने 3 किलो 196 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले असल तस्कर हिसार के तलवंडी राणा निवासी शिवम व भिवानी जिले के बलियाली गांव निवासी विक्रम को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। दोनों आरोपियों ने कुछ दिन पहले नारनौंद निवासी अजय को 3 किलो 196 ग्राम गांजा सप्लाई किया था।

# वनस्पति विज्ञान के संदर्भ में विषय पर कार्यशाला आयोजित

■ कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्क्रम के अनुसार हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

यानंद कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से 'भारतीय ज्ञान प्रणालीः वनस्पति विज्ञान के सन्दर्भ में' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पाठ्क्रम के अनुसार आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेज प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। मुख्य प्रवक्ता के रूप में आईबी कॉलेज, पानीपत के वनस्पति विभाग के अध्यक्ष डॉ. निधान सिंह ने पौधों के पहचान, वर्गीकरण, नामकरण को भारतीय ज्ञान प्रणाली के साथ जोड़ते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.



हिसार। सेवानिवृत्त प्राध्यापक दलबीर पंघाल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते दायित्व फाउंडेशन के संस्थापक निहाल सिंह सैनी। फोटो :हरिभूमि

## दायित्व का मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित

**हिसार।** दायित्व फाउंडेशन की ओर से बडवाली ढाणी स्थित शिवालिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2023-2024 सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बोर्ड मैरिट प्राप्त करने वाले 27 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में आजीवन समर्पित भाव से शिक्षण कार्यों के निर्वहन के लिए हरियाणा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्राध्यापक दलबीर पंघाल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विक्रमजीत सिंह ने मुख्य अतिथि व मुख्य प्रवक्ता को पुष्प गुच्छ व पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिक्षा का महत्व पर चर्चा करते हुए दायित्व फाउंडेशन के संस्थापक निहाल सिंह सैनी ने विद्यार्थियों के निमित सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थी कैसे अध्ययन के बल पर स्कॉलरशिप प्राप्त कर अपनी शिक्षा मनचाहे अग्रणी शिक्षण संस्थान एवं विषय में ले सकते हैं।

### महासत्संग के लिए सजने लगा ओशो ध्यान उपवन

**हिसार।** गुरु नानक देव जी की बाणी से साक्षात्कार करवाने, आनंदमयी व उल्लासमयी जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करने एवं ओशो की देशनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 13 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सतगुरु ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया एक ओंकार सतनाम महासत्संग करके समभाव व समरसता की अलख जगाएंगे। इस संबंध में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पठानकोट से पहुंचे आचार्य चंद्रशेखर, ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने तीन दिवसीय ध्यान शिविर व एक ओंकार सतनाम महासत्संग के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की।

भक्ति ईश्वर को पाने के लिए की जानी चाहिए : स्वामी सच्चिदानंद

# हवन व ध्वजारोहण के साथ आर्य समाज मॉडल टाऊन में वेद कथा का शुभारंभ

■ ओ सारे जहां के माली... तेरी महिमा अजब निराली ...

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज, मॉडल टाउन में बुधवार प्रातः हवन-यज्ञ व ध्वजारोहण करके वेद कथा का शुभारंभ किया गया।

आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने बताया कि हवन में अशोक गौतम, कृष्ण कुमार खुराना, मांगेराम आर्य सपत्नीक यजमान बने। इनके अलावा उपस्थित लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। उसके बाद प्रधान सेठ जगदीश प्रसाद आर्य ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात नये बनाये पुस्तकालय का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर आर्य समाज से जुड़े जगदीश प्रसाद आर्य, वीरेंद्र, पवन रावलवासिया, आनन्द गर्ग, सुरेन्द्र बेरवाल, रविन्द्र आर्य, चमनलाल नारंग, मदन वासुदेवा, राजकुमार डुडेजा, महावीर आर्य तहसीलदार, राज वर्मा, आजाद मुनि, कर्मवीर शास्त्री, सुनीता सहारण, सविता वेदांशु, रेखा गौतम, ललिता शास्त्री आदि भी उपस्थित रहे।

ओ सारे जहां के माली.. .. तेरी महिमा अजब निराली, किसी ने तेरा भेद न पाया है.. .. अजब ईश्वर तेरी माया है.. .. भजन सुनाकर यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने वेद कथा की पहली सभा प्रारंभ की। वेद कथा के लिए जयपुर से आये मुख्य प्रवक्ता व वेदों के विद्वान स्वामी सच्चिदानंद ने यजुर्वेद के 40वें अध्याय के प्रथम मंत्र की व्याख्या करते हुए कहा कि संसार में तीन चीज हैं ईश्वर, जीव और प्रकृति, इनको सही से जान लेना ही मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य है। ईश्वर की भक्ति दुनिया के पदार्थों को पाने के लिए की जा रही है, ईश्वर को पाने के लिए कोई नहीं कर रहा, जबकि ईश्वर भक्ति ईश्वर को पाने के लिए की जानी चाहिए थी। इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि ईश्वर सारे संसार का स्वामी है, यदि स्वामी मिल जाएगा तो उसको किसी चीज की कमी नहीं रहेगी।



हिसार। ध्वजारोहण करते संस्था के प्रधान सेठ जगदीश प्रसाद।



हिसार। नई सब्जी मंडी में मासिक भंडारा वितरित करते श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल के सदस्य।

## श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल ने बारस पर चलाया 29वां भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीश्याम बालाजी सेवादार मंडल की ओर से हर माह बारस पर चलाए जाने वाले भंडारे की कड़ी में आज सुबह नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 75 पर 29वां मासिक कढ़ी चावल का भंडारा चलाया गया।

संस्था के प्रधान सुरेन्द्र बालान ने बताया कि नगर पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया व कमल पुरोहित ने बाबा को भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत की। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुमित कुकड़ेजा, अरुण सेठी, डॉक्टर संजय सैनी, राजेन्द्र सैनी, हैप्पी बालान, गुलशन बाबा, अनिल बालान, हैप्पी सैनी, संदीप जांगड़ा, पारुल, राजेन्द्र, राजू, डॉ. मोहित, अशोक वर्मा, यश सैनी, कुश कुकड़ेजा, सोनू जांगिड़, तुषार सैनी, विजय सैनी, लक्षू सैनी, पीयूष सैनी सहित मंडल के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# राम नाम का जाप करने से प्रसन्न होते हैं हनुमानजी

■ दूसरे दिन संगीतमय हनुमान कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 30वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय हनुमान कथा के दूसरे दिन कथा व्यास श्रीहरि मंदिर अमरधाम, फर्रुखनगर (गुरुग्राम) के अधिष्ठाता डॉ. स्वामी उमानंद (मानसमणि) ने कहा कि हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए कई मंत्र, स्त्रोत, चालीसा और हवन- अनुष्ठान आदि हैं लेकिन भगवान राम का सिर्फ एक मंत्र ही काफी है जिससे हनुमानजी शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। यह मंत्र है राम नाम का जाप। भगवान श्रीराम हनुमान के आराध्य है। हनुमानजी राम के अनन्य भक्त हैं और इसीलिए राम नाम हनुमानजी को अत्यंत प्रिय है। कथा के दौरान हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा व गोबिंद मधु ने भजनों की वर्षा की। इससे पूर्व कथा स्थल पर पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी सहित अनेक सदस्यों ने डॉ. स्वामी उमानंद का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। मौके पर मंदिर समिति की ओर से के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा, हरबंस ग्रोवर, सुरेश बांगा, दीपक गौतम, विनोद बिश्नोई, ललित राठी, मोहित गांधी, राजकुमार तनेजा, रामसहाय कक्कड़, सुरेश जैन, ओमप्रकाश ग्रोवर, ललित सुखीजा, पं. भगवत प्रसाद, पं. प्रभु दयाल उपस्थित रहे।



हिसार। हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में हनुमान कथा श्रवण करते श्रद्धालु।

अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में संत प्रवचन का शुभारंभ

# जीवनोत्कर्ष के लिए सत्संग परम आवश्यक : स्वामी सत्यानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में गोयंका सेवा सदन (देवी भवन) में प्रारंभ सात दिवसीय संत प्रवचन का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि जीवनोत्कर्ष के लिए सत्संग परमावश्यक है। उन्होंने कहा कि सत्संग के माध्यम से जीवन जीने का सलीका प्राप्त होता है। अनेक समस्याओं का सामना करने की समझ आती है। सत्संग के माध्यम से ही जीवन का लक्ष्य, मूल्य, उद्देश्य समझ में आता है। सत्संग से गलतियों में सुधार किया जा सकता है। संतो ने सत्संग की महिमा सुनाई। इस अवसर पर राकेश गर्ग, किरोड़ी मल गोयल, मुरारी लाल जिंदल, अशोक अग्रवाल, प्रवीण बंसल, डॉ. कर्ण सिंह, राम कुमार सैनी, मनोज गर्ग, सिकंदर शर्मा, वेद उपस्थित रहे।





हिसार। मंच पर उपस्थित संत महाराज प्रवचन करते हुए।

पूर्व सांसद डीपी वत्स की अध्यक्षता में शुरू हुआ केंद्र

# अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में तंबाकू उन्मूलन केंद्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में पूर्व सांसद जनरल डॉ. डीपी वत्स की अध्यक्षता में तंबाकू उन्मूलन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जनरल डीपी वत्स व सिविल सर्जन हिसार डॉ सपना गहलावत व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस केंद्र का उद्घाटन किया व मरीज़ों के लिए समर्पित किया। डॉ. वत्स ने कहा कि हरियाणा में बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं जो स्वास्थ्य के लिहाज़ से बेहद हानिकारक है। ऐसे में इस प्रकार के उन्मूलन केन्द्रों का स्थापित होना क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने के साथ साथ तम्बाकू छोड़ने के लिए भी मददगार साबित होगा। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि इस केन्द्र में बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, हुक्का आदि के मरीज़ों का इलाज मुफ़्त में किया जाएगा व इसके सफल संचालन के लिए विभाग द्वारा एक लाख मूल्य की दवाइयां भी मुहैया कराई गई है। उन्होंने बताया कि यह हिसार ज़िले में अपनी तरह का पहला सेंटर है जिसकी नोडल ऑफ़िसर डॉ. शिल्पा होंगी।



हिसार। तंबाकू उन्मूलन केंद्र के शुभारंभ मौके पर उपस्थित पूर्व सांसद जनरल डॉ. डीपी वत्स, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, महाविद्यालय निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा व अन्य।

# सेशन जज मेडिकल डिस्पेंसरी का उद्घाटन

■ हिसार न्यायालय परिसर में शुरू हुई आपातकालीन चिकित्सा सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला न्यायालय परिसर में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मेडिकल डिस्पेंसरी की शुरुआत की गई है। इस सुविधा का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सपना गहलावत की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल ने कहा कि यह पहल न्यायिक परिसर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और हमारी बार-बेंच की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह डिस्पेंसरी निश्चित रूप से इस परिसर के जरूरतमंदों को त्वरित और विश्वसनीय चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी। हिसार बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा और सचिव एडवोकेट समीर भाटिया ने बताया कि यह मेडिकल डिस्पेंसरी पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जसगुरप्रीत सिंह पुरी के समक्ष रखी गई थी जो बार एसोसिएशन की वर्षों पुरानी मांग थी। जस्टिस पुरी ने हाल के दौरे में इसे जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया था जो आज बार एसोसिएशन की मेडिकल डिस्पेंसरी की मांग पूरी हो चुकी है। उन्होंने इस सुविधा को साकार करने में सहयोग देने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश मित्तल और सीएमओ डॉ. सपना गहलावत का आभार व्यक्त किया।

प्रधान संदीप बूरा ने कहा की इस डिस्पेंसरी के शुरू होने से अधिवक्ताओं, न्यायालय कर्मियों और मुवक्किलों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं न्यायालय परिसर के अंदर ही सुलभ हो सकेंगी। इस अवसर पर उपप्रधान विकास पूनिया, सहसचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता प्रेमचंद मित्तल, गीतांजलि शर्मा, सोहनलाल वधवा, बजरंग इंदल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



हिसार। डिस्पेंसरी का उद्घाटन करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल।



### पीएम मोदी के दौरे को लेकर कैबिनेट मंत्री ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**हिसार।** बरवाला विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक बैठक हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं बरवाला विधायक रणबीर सिंह गंगवा ने की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में बरवाला क्षेत्र के लगभग 300 सक्रिय सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य 14 अप्रैल को हिसार में होने जा रही ऐतिहासिक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के स्वागत के लिए तैयारियों की समीक्षा और सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपना रहा। रणबीर गंगवा ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा किए गए जनहित कार्यों की जानकारी घर-घर तक पहुंचनी चाहिए। बरवाला विधानसभा से प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए 10 हजार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

साध्वी श्री ने कथा में शिव नाम की महिमा, रूद्राक्ष व भस्म की महिमा भी बताई

# अनेक कष्टों से मुक्ति दिलाता भगवान शिव का नित्य जाप : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी जी महाराज ने कहा है कि भगवान शिव का नित्य जाप हमें अनेक कष्टों से मुक्ति दिला सकता है। शिव के जाप पर हर भक्त, हर सदगृहस्थ का अधिकार है और उसे हर समय शिव का जाप करना चाहिए। महामंडलेश्वर साध्वी करूणागिरी जी महाराज बुधवार को श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट की ओर से संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग के सानिध्य में चल रही श्री शिवपुराण कथा में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रही थीं। कथा के प्रति शहर के नागरिकों में इतना चाव है कि हर दिन पंडाल में शिव भक्तों, श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कथा के तीसरे दिन साध्वी करूणागिरी महाराज ने बताया कि भगवान शिव ने भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी को पंचाक्षर मंत्र की दीक्षा दी। भगवान शिव को बेल पत्र अति प्रिय है। यही कारण है कि भक्तजन उन्हें श्रद्धा से बेल पत्र व जल चढ़ाते हैं और इसी से भगवान शिव प्रसन्न हो जाते हैं। इस अवसर पर बजरंग दास गर्ग ने नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, पार्षद भीम महाजन, पूर्व पार्षद पंकज दीवान, मनोहर मोर्चा अध्यक्ष सुभाष ढींगड़ा, स्वर्णकार संघ प्रधान रामनिवास सोनी व शमशान भूमि प्रधान महाबीर सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

